
प्राण
डायमण्ड कॉमिक्स
D-800 8.00
चाचा चौधरी
राका का चैलेंज
मुफ्त!
पर्सी
4 गोलियां
और
आकर्षक
कार स्टिकर
800 वां अंक








TITLES CHACHA CHAUDHARY AND SABU AND THEIR CHARACTERS ARE COPYRIGHT REGISTERED BY GOVERNMENT OF INDIA FOR THE PROPRIETORS PRAN'S FEATURES, A-84 NARAINA VIHAR, NEW DELHI-110028. REPRODUCTION OF ANY PART OF THIS BOOK IS STRICTLY PROHIBITED. NO ACTUAL PERSON IS NAMED OR DELINEATED IN THIS FICTION COMICS. ANY SIMILARITY TO REAL HUMAN BEING OR PLACE IS PURELY COINCIDENTAL.



हां, यह वही जगह है जहां कई साल पहले मैं पनाह लेने आया करता था.
रुक्कन मियां!
मैंने तुम्हें पहचाना नहीं.
बाबा! मैं जबीरा-- राका का छोटा भाई.
हां, याद आया.
मेरा भाई कहां है? मैं उससे मिलने आया हूं.
जब हम दो भाइयों ने बिशनू सेठ के पूरे परिवार को कत्ल किया तो पुलिस भिड़ के छत्ते की तरह हमारे पीछे लग गयी.






डोन्ट वरी
पर्सी








मैं भागकर विदेश चला गया, लेकिन मेरा बड़ा भाई यहीं छूट गया.
लो, जबीरा! चावल खाओ.
तुम्हारा भाई राका कुछ दिन तक बचता रहा. लेकिन एक दिन पुलिस ने उसे घेर लिया.
"वह एक वैद्य, चक्रमाचार्य के घर घुस गया. जब बचाव का कोई रास्ता न दिखा तो तुम्हारे भाई ने जहर पीकर खुदकशी करनी चाही."
इसे न पीना.
दरअसल वह जहर नहीं एक अद्भुत दवाई थी, जिसने पीने वाले को विशालकाय ही नहीं वरन् उसे अमर भी बना दिया.
हो! हो!
वैद्य! मैं तुम्हें मारने जा रहा हूं.





डोन्ट वरी हैव पर्सी
पर्सी



"जब तुम्हारे भाई ने मारकाट और आगजनी मचायी तो चाचा चौधरी ने उसे पकड़ने का बीड़ा उठाया.."
यह आतंक खत्म होना चाहिए.
साबू! मैं कुल्हाड़े से तुम्हें काटने जा रहा हूं.
"लेकिन साबू की अथाह शक्ति के आगे राका की एक न चली."
आ-आहहह! मेरा बाजू!!
उसके बाद चाचा चौधरी और साबू ने तुम्हारे भाई को कहां कैद किया? कोई नहीं जानता.
जिन्होंने मेरे भाई को इतनी तकलीफ पहुंचाई मैं उन्हें खत्म कर दूंगा.


पर्क के 4 नए





यह जर्मन कार अगर उड़ सकती तो मैं अपने भाई के दुश्मनों तक जल्दी पहुंच जाता.
चाचा चौधरी तुमसे बड़ा बेवकूफ मैंने नहीं देखा. बारिश हो रही है, और तुमने बंद छतरी पकड़ी हुई है?
यह छतरी मुझे दे दो ताकि इसका इस्तेमाल हो.
लो मिस्टर किट्टूकाटा!
हा!हा! तुम भागकर मकान में घुसो. जबकि मैं मौज से घूमता हूं.


पर्क के 4 नए स्वाद



चाचाजी! आपने किट्टूकाटा को छतरी देकर अक्लमंदी नहीं की.
साबू, थोड़ी देर बाद तुम्हें इसका जवाब मिल जायेगा.
ओह ह! छतरी का रंग कच्चा था, पानी में उतर गया.
चौधरी! देखो, तुम्हारी छतरी ने मेरा क्या हाल बना दिया?
हा! हा!!
मैं जानता था कि यह घटिया क्वालिटी की है.
※: चाचा चौधरी का दिमाग कंप्यूटर से तेज चलता है.
मैं जॉगिंग करने जाता हूं.
मैं यह छतरी दुकानदार को लौटाकर आता हूं.



चाहे जितना भी खाओ
स्वाद






खुली हवा में दौड़ना एक अच्छा व्यायाम है.
साबू! रुको!
रेलूपेलू, इंजिन ड्राइवर! क्या बात है?
वह रेलवे इंजिन पटरी से उतर गया है. कंधे पर बैठाकर मुझे पास के टेलीफोन तक ले जाओ ताकि मैं सूचना देकर क्रेन मंगवा सकूं.
क्रेन की जरुरत नहीं. इंजिन को पटरी पर मैं रख दूंगा.
साबू अपनी सारी मांसपेशियों की ताकत इकट्ठी करता है और—
ह्-हवा!!


चाहे जितना भी खाओ
स्वाद


आह ह ह!!
अद्भुत! सचमुच साबू विश्व का सबसे ताकतवर इंसान है.
धन्यवाद! अब ठीक वक्त पर मैं रेलवे स्टेशन पहुंच सकूंगा.
अब मुझे घर लौटना चाहिए. चाची ने मेरे लिए दही का मट्ठा तैयार रखा होगा.
वह लम्बा आदमी साबू लगता है जिसने मेरे भाई राका को तकलीफें दीं.




स्वाद का खज़ाना
स्वाद
हाजमे की गोली




पूर्ति




नया जोश नई उमंग पूर्ति के संग
पूर्ति


चूहे! मुझे रिश्वत देता है? मैं तुम्हें सबक सिखाने आ रहा हूं.
अगर तुम एक कदम भी आगे बढ़े तो मैं तुम्हें बम से उड़ा दूंगा.
सर रा ट!
कड़ाक!
आऊऊ!
कड़ड़ड़ डुम म!
धन्यवाद, चाचाजी!


डोन्ट वरी
पर्सी




इससे लगता है कि राका को छुड़ाने के प्रयत्न हो रहे हैं. अगर वह आजाद हो गया तो संसार का अमन चैन खतरे में पड़ जायेगा.
वह डाकू कहां बंद है इसको सिर्फ तीन लोग जानते हैं. साबू तुम, मैं और गुरु सामबोध.
हां, राकेट! मुझे पता चल गया कि तुम्हारा मालिक घर आ रहा है.
बाऊ! वाऊ!!
बी. बी. खाबा टाउन प्लानर
जेन्टलमैन! बोर्ड की मीटिंग इसलिए बुलाई है कि कम्पनी ने नयी योजना बनाई है.
शहर के उत्तर पश्चिम में एक घना जंगल है. हमारी टाउन टाइन कम्पनी ने उसे सस्ते दामों में खरीद लिया है.


डोन्ट वरी हैव पर्सी
पर्सी


शहर में आवास की तंगी है. उस जंगल की जगह एक नया नगर बसाया जायेगा. प्लाटों की बिक्री से करोड़ों रुपयों का मुनाफा होगा.
लेकिन चेअरमैन साहब ! क्या सरकार ऐसा करने देगी ? वह जंगल ग्रीन बैल्ट की जगह घोषित हो चुका है.
टाउन टाइन
कंस्ट्रक्शन कम्पनी
उस टाउनशिप को पास कराना हमारा काम है. क्या हम मिनिस्टरों को चुनावों में लाखों रुपया चंदा नहीं देते?
जोगा ! वह जंगल कितने दिनों में साफ हो जायेगा?
एक हफ्ते में, साहब !
वह कैसी मशीन है ?
उसे बुलडोज़र कहते हैं. वह पेड़ों को गिराने के काम में लाया जाता है.




जितना मैंने सोचा था यह जंगल उससे कहीं ज्यादा घना है.
गुरु रामबोध कुटिया से निकलता है.
कौन जंगल की शांति को भंग करने आ गया ?
रुको ! तुम निर्ममता से पेड़ों को नहीं गिरा सकते.
बुड्ढे ! पीछे हट जा !
धड़ाकक!
आह ह !
उस बड़े पेड़ में कार्क क्यों लगा है? उसे गिराता हूं.



गर र!
यह पेड़ बड़ा मजबूत है. हिल नहीं रहा. ज्यादा हॉर्स पावर इस्तेमाल करनी होगी.
जोगा बुलडोज़र की सारी हॉर्स पावर लगा देता है. जड़ें उखड़ने लगती हैं.
वह गिरा. बाकी पेड़ छोटे हैं. उन्हें गिराने में मुश्किल पेश नहीं आयेगी.
जहां से बड़ा पेड़ उखड़ा वहां से गठरी निकली? पहले जमाने में महाराजा अपनी धनदौलत गठरियों में छुपाकर रखते थे.
मैं इसे खोलता हूं. इसके अंदर रखे हीरे जवाहरात मेरे होंगे.
चाहे जितना भी खाओ
स्वाद




आहहह!
?
एक लम्बे अरसे के बाद ताजी हवा खाने को मिली.
तुम? तुम कौन हो?
राका!
मैं तुम्हें मार डालूंगा.
मगर मैंने तुम्हें गठरी से आजाद कराया है.
तो मैं तुम्हारी जान बख्शता हूं.
चाहे जितना भी खाओ स्वाद से पचाओ
स्वाद
हाजमे की गोली


मैं भूलकर भी कभी इस जंगल की तरफ नहीं आऊंगा.
मेरा पहला काम होगा कुछ खाने के लिए ढूंढना. बड़ी भूख लगी है.
खेरूमल! बेटी की शादी का मामला है. खाना स्वादिष्ठ बनना चाहिए.
फिक्र न करिए, बाराती उंगलियां चाटते जायेंगे.
काम बन गया. अच्छे खाने की खुशबू आ रही है.




मैं भूखा हूं!
मुझे खाने को दो!
तुम्हें शर्म आनी चाहिए. यहां लड़की की शादी है.
मैं सारा मंडप तहसनहस करता हूं.
ओह! यह क्या?
जान बचाओ!
बहुत दिनों बाद भरपेट खाने को मिला है.
हेलो, पुलिस स्टेशन?-- यहां एक विशाल आदमी ने दंगा-फसाद किया और कई लोगों को मार डाला.


रोशन लाल ! पुलिस फोर्स लेकर मेरे साथ चलो.
एक मुजरिम को पकड़ना है. उसने शादी में कइयों को मार डाला.
गाड़ी उस नुक्कड़ पर रोक देना .
अपने आप को हमारे हवाले कर दो!
मैं खाने में विघ्न बर्दाश्त नहीं करता .


मच्छरो ! तुम्हारी भलाई इसी में है कि चुपचाप यहां से चले जाओ.
मुझे बकवास सुनने की आदत नहीं है. उठकर मेरे साथ चलो.
सररा पफ!
तुम्हें चुप कराने का यही तरीका था.
© PRAN'S FEATURES
तड़ टट!!
उस पर गोलियों का असर नहीं हो रहा !
तुम्हारे पटाखे खत्म हो गये. मरने के लिए तैयार हो जाओ.
प्रीति


कीड़े-मकौड़े परेशानी पैदा करते हैं. इसलिए उनका मरना ही बेहतर है.
आऊ ऊ!
ओह ह!
अर र र ! यह क्या करते हो? यह जीप सरकारी गाड़ी है.
अब इस खिलौने को टूटना चाहिए.
जाओ!
सररराट!
ओह ह!



डोन्ट वरी
पर्सी




आगे जाकर देखूं शहर के दूसरे इलाके के लोग कैसे हैं?
यह सड़कें जानी पहचानी हैं. मेरी गैरहाजिरी में फैशन बदल गया है.
वह अपना पुराना साथी राका लगता है.
राका! मेरे दोस्त! रुको!
ज़ागह, जेब कतरा?
हां. वह क्या जमाना था जब इकट्ठे बैठकर ताश खेला करते थे अब सिर्फ तुम्हारा जिस्म बड़ा हो गया है.


डोन्ट वरी हैव पर्सी
पर्सी



मुझे एक काम मिला है. एक फिल्म एक्टर का अपहरण करना है. एक लाख रुपया मिलेगा.
ज़ागह ! मैं मामूली काम नहीं करता. यह मेरी तौहीन है.
याद है एक बार मैंने तुम्हें जेल में लोहे की रेती स्मगल की थी. जिसकी मदद से तुमने जेल की सलाखें काटीं और भाग निकले थे ?
अच्छा बाबा ! तुम्हारा काम हो जायेगा.
हां, ऐसा बोलो न.
अब मुझे नींद आ रही है. तुम जाओ. कल हम बात करेंगे.


पर्री के 4 नए





रात होती है. चौकीदार या खाने की तलाश में निकले भूखे कुत्ते को छोड़कर सब सो जाते हैं.
जागते रहो!
दूसरे दिन एक कीमती कार शहर की ऊबड़-खाबड़ गली में घूमती दिखायी देती है.
ड्राइवर ! आगे नुक्कड़ पर कार रोकना.
राका ! फिल्म प्रोड्यूसर ब्रो आ गया है.
वोट
सेठ तुम्हारा काम राका करेगा.
यह काम चुपचाप होना चाहिए. क्या तुम्हारा साथी विश्वसनीय आदमी है ?


पर्री के 4 नए सुनहरे स्वाद


सौ फी सदी. सूरज कल निकलेगा या नहीं, पर राका जो काम हाथ में लेता है वह निश्चित होता है.
सेठ ब्रो! तुम अपनी ही फिल्म के एक्टर का अपहरण क्यों कराना चाहते हो?
तुम डाकू हो न? तुमने कभी बिजनेस में पैसा नहीं लगाया.
मेरी फिल्म में करोड़ों रुपया लगा है. इसलिए बॉक्स ऑफिस पर उसका कामयाब होना जरूरी है नहीं तो मैं कटोरा लेकर मंदिर के बाहर भीख मांगने लगूंगा.
अगर हीरो का अगवा हो जाता है तो देश में चारों तरफ सनसनी फैलेगी. लोग अपने चहेते सितारे को देखने के लिए सिनेमाघरों पर टूट पड़ेंगे.
फिल्म हिट होगी और करोड़ों का मुनाफा होगा.
ब्रो! सचमुच तुम कुशल बिजनेसमैन हो. खुद करोड़ों डकारना चाहते हो और हमें सिर्फ एक लाख देकर दफा करना चाहते हो?
अर र र! कुल्हाड़ी को हटाओ.


चाहे जितना भी खाओ
स्वाद


ठीक है. फिल्म से जो मुनाफा होगा उसका दस प्रतिशत मैं तुम्हें दूंगा.
फिल्म स्टार जान खां. यह इस वक्त टेनिस कोर्ट में मिलेगा.
HOTEL
आओ चलें, राका! कहीं ऐसा न हो कि जान खां वहां से खिसक जाये.
टेनिस कोर्ट पर.
जान खां! तुम अच्छा खेल लेते हो. क्यों नहीं अगले साल तुम विम्बलडन में किस्मत आजमाते?


चाहे जितना भी खाओ
स्वाद से
स्वाद





वह लम्बे बालों वाला युवक देख रहे हो? वही है हमारी किस्मत का सितारा.
मैं अंदर आता हूं.
जान खां के बॉडी गार्ड्स.
रुको! तुम अंदर नहीं जा सकते!
धड़ाकक!
ओहह!
फटाकक!
चूहो! एक तरफ हट जाओ!







तुम टेनिस कोर्ट के अंदर कैसे आये? क्या किसी ने तुम्हें रोका नहीं?
तुम्हारे चूहे बाहर मिट्टी चाट रहे हैं.
तुम्हें इसका अंजाम भुगतना होगा.
यह फिल्म नहीं असली चीज है. चलो थैले में.
कोई आओ! वह जान खां को थैले में डालकर लिए जा रहा है.
दूसरी सुबह.
दैनिक खबर
सुपर हिट हीरो का अपहरण
--लिखा है कि एक लम्बे चौड़े आदमी ने एक्टर जान खां को थैले में बंद किया और ले गया. पुलिस को अभी तक कोई सुराग नहीं मिला.
क्या?


अनुसूइया ! तुमने कप प्लेट तोड़ दी.
मैं जान खां की प्रशंसक हूं. आज ही उसकी फिल्म देखूंगी.
मैं जान खां की फिल्म देखने जा रहा हूं.
मैं भी. क्या गजब की एक्टिंग करता है.
तूफान
जान खां
हाउस फुल
आठ का पचास में---- - आठ का पचास में---
कुछ दूरी पर:
चाची ! भूख लगी है.
मैं पड़ोस में जा रही हूं. लौटकर खाने को दूंगी.


अहा! चाचाजी ! अंदर से स्वादिष्ठ हलुए की खुशबू आ रही है.
सब्बू ! कुछ देर मन पर काबू रखो. मेरी पत्नी आयेगी तब वह तुम्हें खाने को देगी.
अजी इतना धैर्य किसके पास है? मैं पीछे से किचन की खिड़की के पास जाता हूं.
अहा! यह रहा हलुआ.
आऊ ऊ!
मेरा हाथ जल गया.


पूर्ति



पूर्ति





डोन्ट वरी हैव पसी
पसी





डोन्ट वरी हैव पसी
पसी


और सबसे विचित्र बात यह थी कि पुलिस की गोलियों का उसके शरीर पर कोई असर नहीं हो रहा था.
यह सारी बातें राका से मेल खाती हैं. साबू ! अच्छा हुआ तुम वापस आ गये. मेरे साथ चलो !
मुझे लगता है राका छूटकर बाहर आ गया है.
राका ! वह स्क्टर कहां है ?
यह सवाल पूछने की गुस्ताखी के लिए मैं तुम्हें भूनकर रख दूंगा.


डडड ढ ढ़ ढ!
साबू तत्काल झुक जाता है.
धड़कक!
राका ! अपनी तोप पकड़ो जो नीचे गिर गयी है.
परंतु इससे पहले कि उसका हाथ तोप तक जाता, साबू का लोहे जैसा मजबूत पैर राका पर पड़ता है.
आह ह !



पर्री के 4 नए

पर्री के 4 नए



रुक जाओ!
मैं तुम्हारा सारा जिस्म गोलियों से छलनी कर दूंगा.
चल मेरी पगड़ी दिखा कमाल !
ओह ह!
तड़ शट ट ट ट!
ट ट ट!
ओह! सारी गोलियां खतम ?
टिक! टिक!



चाहे जितना भी खाओ
स्वाद





जाओ!
उस पगड़ी पर गुस्सा निकालने से क्या फायदा?
ज़ागह आओ! हम इन्हें फिर देख लेंगे.
यह थैला असाधारण लग रहा है. इसे खोलना चाहिए.
फिल्म एक्टर जान खां ?
थैले के अंदर दम घुटने से वह मर गया.


चाहे जितना भी खाओ
स्वाद से पचाओ
स्वाद
हाजमे की गोली


फिल्म 'तूफान' अपार भीड़ ले रही है.
मैं वह दिन देखने के लिए उत्सुक हूं जब वह बॉक्स आफिस हिट का रिकार्ड स्थापित करेगी.
अगर तुम आजाद रहे तब? सेठ जी! मैं तुम्हें एक्टर जान खाँ के कत्ल का षड्यंत्र रचने के जुर्म में गिरफ़्तार करता हूं.
बेटी, खाना खा लो.
मेरा मूड ठीक नहीं. मैं खाना नहीं खाऊंगी, जान खाँ मर गया.
प्रोड्यूसर जराफ शराफ.
मैं दिवालिया हो गया. मेरी फिल्म अधूरी रह गयी.
चाचाजी! आप क्या सोच रहे हैं?
राका को कैसे काबू किया जाये?


तुम सब कहां चले गये थे? तुम्हारे खाने के लिए हलुआ तैयार है.
क्या वह ठंडा हो गया है?
हां.
चाचाजी! क्यों नहीं राका को पकड़कर अंतरिक्ष में भेज दिया जाता? और पृथ्वी पर लौटने के लिए उसे यान न दिया जाये?
अच्छा सुझाव है.
उस जालिम को अंतरिक्ष यान में सवार कैसे करायेंगे? अभी कुछ ऐसा इंतजाम किया जाये जिससे राका लूटपाट न कर सके.
पैट्रोल से भरा एक टैंकर तेज रफ़्तार से जा रहा है.
गोन सिंह! हमारे खेत में जो गेहूं पैदा होता है उसका दाना मूंगफली के बराबर होता है.
इंडियन आयल
और हमारी भैंस एक वक्त में बीस लिटर्स दूध देती है.
झाबल सिंह! सामने देख, कहीं एक्सीडेंट न हो जाये.


ज़ागह ! हमें पहले चाचा चौधरी और साबू को ठिकाने लगाना होगा.
मैं समझ गया, उस्ताद !
जब वे दोनों नहीं रहेंगे तो हम बेखटके लूटमार और लोगों से पैसा ऐंठ सकेंगे.
बातूनी ड्राइवर बाबल सिंह ने आगे राका को नहीं देखा और---
धड़ाक क!
इंडियन आयल
कोई पुलिसमैन आसपास नहीं है. गाड़ी दौड़ाओ और रफूचक्कर हो जाओ !
राका ! तुम ठीकठाक तो हो ?
इंडियन आयल
पूर्ति


मैं उस लापरवाह ड्राइवर को सजा देने जा रहा हूं.
राका आग को फैंकता है.
इंडियन आयल
आग ग!
मैंने ऐसा दृश्य पहले कभी नहीं देखा ?
पूर्ति










डोन्ट वरी हैव पर्सी
पर्सी




पर्सी के 4 नए






पर्सी के 4 नए


सिपाही कुचले जाते हैं.
आह ह!
मिनिस्टर सलाहकारों की मीटिंग बुलाता है.
राका नामक डाकू ने कुछ दिनों में सैकड़ों निर्दोष व्यक्तियों की हत्या की है और करोड़ों की सम्पत्ति का नुकसान किया है.
इसलिए हमने सोचा है कि मिलिट्री टैंकों और बमों की मदद से डाकू को खत्म कर दिया जाय.
लेकिन सर! जब आबादी वाले इलाके में बम गिरेंगे तो जनता को भी नुकसान पहुंचेगा.
सूचना मिली है कि राका एक नाचने गाने वाली औरत मुन्नीबाई का बड़ा दीवाना है. वह खूबसूरत महिला हमारी मदद कर सकती है.
ठीक है.
एक आदमी राका के पास पहुंचता है.
उस्ताद! मुन्नीबाई शहर के बाहर मैदान में तुम्हारा इंतजार कर रही है.
अच्छा? मैं वहां अभी जाता हूं.




मुन्नीबाई! तुम नहीं जानतीं कि मैं तुम्हें कितना प्यार करता हूं और तुमसे शादी करना चाहता हूं.
तुम इतने दिनों बाद मुझसे मिलने आये, कोई उपहार लेकर नहीं आये?
तुम कहो तो दुनिया की सारी दौलत तुम्हारे कदमों में रख दूं.
तुम केवल उन फूलों का गुलदस्ता बनाकर मुझे दे सकते हो.
यह कौन सी बड़ी बात है? मैं सारे फूल तोड़ लाता हूं.
जल्दी करो! मुझे यहां से ले चलो.


चाहे जितना भी खाओ
स्वाद


गाड़ी तेज चलाओ !
धोखा ! मुन्नीबाई ! मैं तुम्हारी खाल निकालकर उसका रुमाल बनाऊंगा.
अगर तुम जिन्दा बचे तब !
सर ! क्यों न हम उस बड़े आदमी को जिन्दा पकड़ लें? चिड़ियाघर में बच्चों का मनोरंजन करेगा.
उसे खत्म करने के आईर्स हैं.
टैंक का गोला शाका की छाती में छेद करता हुआ आरपार निकल जाता है.
धायं!




गोलों की बौछार शाका के जिस्म को छलनी करती रहती है. पर वह आगे बढ़ता रहता है.
धायं!
मैं टिन के खिलौनों को नष्ट कर दूंगा.
बड़ड़ बूम म!
शाका का बढ़ना रुक जाता है.
वह टुकड़े टुकड़े होकर बिखर गया है.
हो! हो!!
दूसरे क्षण टुकड़े वापस आकर शरीर में जुड़ने लगते हैं.


ऐसा क्यों हुआ ?
क्योंकि राका मर नहीं सकता. उसने वैद्यराज चक्रमाचार्य की दवाई पी रखी है.
अब तुम्हारे मरने की बारी है.
तभी एअरफोर्स के लड़ाकू विमान बम वर्षाते हैं
सर्राट!
कड़ ड़ ड़ ड़ ढ म ब!
टुकड़े फिर वापस आकर मिलते हैं और राका साकार हो जाता है.
तुम्हारा सारा गोला बारूद विफल रहेगा.




जैट बिमान का पायलट.
दोबारा उस पर हमला करना चाहिए.
जैट तेजी से लौटते हैं और टारगेट पर गोलियों की बौछार करते हैं.
कड़ाक!
कई विमान क्रैश होते हैं.
उधर.
चाचाजी ! मैंने चट्टान पर जंजीरें गाड़ दी हैं. लेकिन इनका उपयोग क्या होगा ?
ये राका को जकड़ेंगी, साबू !
PRAN'S FEATURES



राका को चट्टान के साथ बांधने के लिए उसे यहां कैसे लाया जायेगा?
वह खुद चलकर यहां आयेगा.
वह डाकू जो पाना चाहता है, हमें रास्ते से हटाये बगैर वह उसे पा नहीं सकता.
उधर.
राका! हमें कोई बड़ा काम करना चाहिए. तुम्हारे पास जो शक्ति है उससे तुम सारे विश्व पर हुकूमत कर सकते हैं.
विश्व के सारे लीडर्स संयुक्त राष्ट्र संघ में इकट्ठे होने वाले हैं. अगर हम उन्हें कैद कर लें तो दुनिया के सारे देश हमारे कब्जे में आ जायेंगे.


डोन्ट वरी
पर्सी




तुम ठीक कहते हो. लेकिन उससे पहले हमें चाचा चौधरी और साबू को मौत के घाट उतारना पड़ेगा. ताकि रास्ता साफ हो.
राका! चाचा चौधरी ने तुम्हें चट्टान के साथ बांधने का षडयंत्र रचा है.
वे दोनों कहां हैं?
वे बड़ी चट्टान के पास सो रहे हैं.
मौका अच्छा है. इससे पहले कि दुश्मन मुझ पर हमला करें, मैं उन्हें नींद में ही कत्ल कर देता हूं.
खटाकक!
साबू के टुकड़े-टुकड़े हो गये.
और मैंने बुड्ढे पर सारा रिवाल्वर खाली कर दिया.
ठायं! ठायं!! ठायं!!!


डोन्ट वरी हैव पर्सी
पर्सी




?
हा! हा!!
तुम जिन्दा हो?
चाचा चौधरी ने हमें बेवकूफ बनाया. कपड़े के नीचे लकड़ी का लट्ठ?
और इधर सिरहाना?
चाचा चौधरी का दिमाग कम्प्यूटर से तेज चलता है.
मैं अब भी तुम्हें मार सकता हूं.
सररराट!







ववरराह!
उसमें सांप की जुबान जैसी तेजी है.
धड़ाकक!
लो! इसका स्वाद चखो!
आऊ!
साबू उसे धकेलकर चट्टान के पास ले जाता है.
अगगरहह!
ये जंजीरें खोलो!
अब तुम कुछ दिन आराम करो.
पर्सी के 4 नए



राका की परेशानी दूर हुई.
अभी नहीं, साबू! वह जंजीरें तोड़कर कभी भी भाग सकता है. हमें प्रोफेसर ज़ाक के पास जाना होगा.
वह मेरे मित्र की वेधशाला है.
प्रोफेसर ज़ाक! आसमान में क्या छानबीन कर रहे हो?
मैंने एक नया ग्रह खोज निकाला है.
मैंने नये ग्रह को ज़ालूबार नाम दिया है. खैर, दोस्त चाचा चौधरी! कैसे आना हुआ?
खूंख्वार डाकू राका को हम ऐसी जगह पहुंचाना चाहते हैं जहां से वह वापस न आ सके.
क्यों नहीं उसे नये ग्रह ज़ालूबार भेज देते? वह सुनसान जगह है. इसलिए वहां डाकू किसी का क्या नुकसान करेगा?





पर्क के 4 नए







आस-पास के बच्चे जब राका को बंधा देखते हैं तो उस पर पत्थर फेंकने शुरू कर देते हैं.
हा! हा!
बंदी को ज्यों-ज्यों गुस्सा आता है बच्चों की हंसी बढ़ती जाती है.
अगगररराहहह!
मांसल शरीर का जोरदार झटका और जंजीरें टूट जाती हैं.
राका बच्चों को उठाकर आसमान में उछाल देता है.
जब तक मैं 1001 आदमियों को न मार डालूं तब तक मैं पानी की एक बूंद नहीं पीयूंगा.






पर्क के 4 नए


एक पब्लिक मीटिंग में.
भाइयो! चुनाव के वक्त सरकार ने जो वायदे किये थे उन्हें पूरा नहीं किया---
ये सब कुछ क्षणों के मेहमान हैं.
अचानक राका जनता पर मशीनगन चला देता है.
भागो!
ओह!
भागो!
ढ ह ढ ह ह!
जिसका डर था वही हुआ. राका छूट गया.
वह रहा वह! उसने सैकड़ों लोगों को आखिरी सांस सुला दिया.





ढ ढ ढ ढ ह ह!!
अच्छा हुआ तुम आ गये! मुझे तुमसे कुछ हिसाब चुकाना है.
साबू जख्मी हो जाता है.
ओह ह! गोलियां खत्म?
जब साबू को गुस्सा आता है तो कहीं ज्वालामुखी फटता है.
अब मेरी बारी है.
धड़ाक!
राका भारी पत्थर उठाता है.



धाड़ ड़!
लो यह आया तुम्हारी खोपड़ी तोड़ने !
तुम्हारी हाड्डियों को रेत बनाने के लिए यह गदा काफी मजबूत है.
उससे पहले इसे सम्भालो !
धड़ाकक!
साबू अपनी पूरी ताकत जुटाता है और भारी भरकम राका को उठा लेता है.
आह!
इसका बाजू काबू आ गया है!







मुझे नीचे उतारो!--- मुझे नीचे उतारो!!---
उसे प्रोफेसर ज़ाक की शोधशाला की तरफ ले चलो. वहां राकेट तैयार है.
मुझे नीचे उतारो!
साबू! मैं शोधशाला में जाता हूं.
धड़ाम!
मुझे यहां क्यों लाये?
प्रोफेसर ज़ाक! साबू राका को राकेट में बंद करके बाहर आ गया है.
राकेट अंतरिक्ष में छोड़ो.


पूर्ति


दस --नौ-- आठ--
सात--- छह--
-- पांच ---
मुझे बाहर निकालो! मुझे बाहर---
अलविदा!
--चार --तीन--
--दो--- एक--
--शून्य !
राकेट छूट गया !
राका गुडबाय!
राकेट अंतरिक्ष में बहुत दूर चला जाता है. तब उसके अंदर से एक कैप्सूल निकलता है.


कैप्सूल सुनसान ग्रह ज़ालूबार पर उतरता है.
दरवाजा खुलता है. राका बाहर निकलता है.
मैं कहां आ गया ?
वह दूर-दूर तक चारों तरफ घूमता है.
कोई है ?..
जवाब क्यों नहीं देते ?
लगता है इस ग्रह पर मेरे सिवा कोई जीव-जन्तु नहीं है.
धड़ाकक!
यही मुझे यहां लाया था !
क्रोध में बुद्धि मारी जाती है . राका ने वाहन को तोड़ दिया. उसके वापस आने की जो उम्मीद थी वह भी जाती रही.
डोन्ट वरी हैव पसी
पसी

Presented by @sdch_club

Join us on telegram

t.me/comics_hindi

t.me/raj_comics_unofficial

t.me/tvseries_4u

t.me/video_short

t.me/joinchat/HOrD4ojPhi9YCoZU

t.me/joinchat/AAAAAFQGITMkD8puJ1QKrw